प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 22.08.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि एनडीए सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार लडाई लड रही हैं प्रधानमंत्री ने आज बिहार के गया में विभिन्न विकास कार्यो के लोकार्पण और शिलान्यास के मौके पर कहा कि उनकी सरकार के 11 साल से अधिक के कार्यकाल में भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगां उन्होंने कहा कि सरकार ने अब भ्रष्टाचार को जड से खत्म करने के लिए प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्रियों को भी कानून के दायरे में लाया जायेगां

उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों ने विकास कार्यो को लटकाकर रखा, जिसमें जनता को परेशानी हुईं लेकिन उनकी सरकार ने योजनाओं को पूरा कर उन्हें जनता के लिए खोल दिया हैं

00000

एनडीए सांसदों ने आज नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सी.पी. राधाकृष्णन से मुलाकात कीं केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी, मनोहर लाल, अर्जुन राम मेघवाल सहित राजस्थान के सांसदों ने उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए राधाकृष्णन को अपनी शुभकामनाएं दीं उपराष्ट्रपति चुनाव 9 सितम्बर को होगां नामांकन पत्रों की जांच आज होगीं यह 17वां उपराष्ट्रपति चुनाव होगां उपराष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है, जिसमें लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य शामिल होते हैं

0000

'ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक 2025' पारित होने के बाद प्रमुख रियल मनी गेमिंग कंपनियों ने अपने गेमिंग प्लेटफॉर्म पर पैसों से खेले जाने वाले ऑनलाइन गेम्स पर रोक लगाना शुरू कर दिया हैं विधेयक में वित्तीय लाभ के लिए पैसे दांव पर लगाकर खेले जाने वाले कौशल–आधारित या अवसर –आधारित सभी ऑनलाइन मनी गेम्स पर प्रतिबंध लगाया गया हैं विधेयक में अधिकारियों को किसी भी परिसर की तलाशी लेने और संदेह के आधार पर किसी भी व्यक्ति को बिना वारंट के गिरफ्तार करने का अधिकार दिया गया हैं ऑनलाइन मनी गेमिंग के बढ़ते चलन से होने वाली लत, वित्तीय नुकसान और अपराधों को देखते हुए यह विधेयक लाया गया थां

00000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज से अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे पर हैं दो दिन के प्रवास के तहत श्री बिरला आज कोटा में आमजन से भेंट करेंगें वे कल बून्दी के दौरे पर रहेंगे, जहां सर्किट हाउस में आमजन से भी मुलाकात करेंगें लोकसभा अध्यक्ष कजली तीज के अवसर पर कुम्भा स्टेडियम में आयोजित कवि सम्मेलन में भी शामिल होंगें

0000

प्रदेश के कई जिलों में लगातार हो रही तेज बारिश से जनजीवन प्रभावित हो रहा हैं पूर्वी राजस्थान में अधिकांश स्थानों पर भारी वर्षा दर्ज की गई और कहीं–कहीं भारी से अत्यंत भारी बरसात हुईं पश्चिमी राजस्थान में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम और कहीं–कहीं भारी वर्षा रिकॉर्ड हुईं पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा 25 सेंटीमीटर बारिश सवाईमाधोपुर में दर्ज की गईं पाटन में 21 सेंटीमीटर, बिजोलिया में 17, दीगोद और चौथ का बरवाडा में 15–15, लाडपुरा में 14, मलारना डूंगर और कोटा में 13–13 सेंटीमीटर बारिश हुईं बारां में बारिश के चलते किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचने के लिए जिला कलेक्टर ने स्कूलों में अवकाश की अवधि एक से बढाकर दो दिन की कर दी हैं अब निजी सरकारी विद्यालय, मां बाडी और आंगनबाडी में कल भी अवकाश रहेगां मुख्य बाजारों और सडको सहित निचले इलाकों में जलभराव हो गया हैं ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्य सडको सहित नदी नाले उफान पर हैं सवाईमाधोपुर के बांधों में पानी की भारी आवक होने से बांध ऑवरफ्लो हो गए हैं कई स्थानों पर जलभराव होने से यातायात बाधित हो रहा हैं जालौर, कोटपूतली–बहरोड, भरतपुर से भी तेज बारिश के समाचार हैं कोटा में नेशनल हाईवे से लेकर स्टेट हाईवे पर भी आवागमन बाधित हैं पूरे संभाग में कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति को देखते हुए एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस और जिला प्रशासन की टीम राहत और बचाव कार्य में जुट गई हैं कोटा बैराज के तीन गेट खोलकर 25 हजार क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही हैं

00000

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर मे चल रही एनसीईआरटी कार्यशाला का चौथा दिन कल नवाचार, सहभागिता और व्यावहारिक दक्षता के समन्वय के साथ संपन्न हुआं शिक्षकों ने व्यावहारिक अभ्यास से दक्षता वृद्धि की तकनीकों की सीख लीं उन्होंने संतुलित प्रश्न–पत्र निर्माण की बारीकियों के बारे में जानां परख के विशेषज्ञों ने संतुलित प्रश्न पत्र निर्माण की आधारशिला पर विस्तारपूर्वक चर्चा कीं सत्र के अंत में प्रश्नोत्तर कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गयां

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आकाशवाणी से प्रसारित होने वाला मासिक कार्यक्रम मन की बात इस बार 31 अगस्त को होगां यह इस कार्यक्रम की 125वीं कड़ी होगीं इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं ये सुझाव 29 अगस्त तक स्वीकार किए जाएंगें

0000

राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना आरजीएचएस के सुचारू संचालन के लिए कडे कदम उठा रही हैं योजना में विभिन्न अनियमितताएं करने पर 9 स्वास्थ्य कर्मचारियों और अधिकारियो को निलंबित किया गया हैं इनमें 2 आयुर्वेद, 3 एलोपैथी चिकित्सक तथा 4 अन्य कार्मिक शामिल हैं चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि काफी समय से राजस्थान गवर्नमेंट हैल्थ स्कीम में विभिन्न हितधारकों द्वारा विभिन्न स्तरों पर अनियमितता करने की शिकायतें सामने आ रही थीं इन शिकायतों की गहनता के साथ जांच कर विभाग ने कडी कार्रवाई की हैं

0000